RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : शनिवार 03 फरवरी 2024 | वर्ष 05 | अंक 283 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी ®

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# मनपा आयुक्त इकबाल सिंह चहल ने पेश किया 59954 करोड़ का बजट

## पिछले साल की तुलना में 10.5 प्रतिशत का इजाफा...

**मुंबई :** भारत की सबसे अमीर नागरिक निकाय बृहन्मुंबई महानगर पालिका ने शुक्रवार को वर्ष 2024-25 के लिए 59,954.75 करोड़ रुपये का बजट पेश किया. इस बार का बजट अनुमान 2023-24 की राशि 54,256.07 करोड़ रुपये से 10.5 प्रतिशत अधिक है. नगर निगम आयुक्त इकबाल सिंह चहल ने बजट पेश किया, जिन्हें मार्च 2022 में नगरसेवकों का पांच साल का कार्यकाल समाप्त होने के बाद राज्य सरकार द्वारा बीएमसी प्रशासक के रूप में नियुक्त किया गया था.

बजट के दस्तावेज के अनुसार, 'वित्त वर्ष 2024-25 के लिए बजट अनुमान 59,954.75 करोड़ रुपये प्रस्तावित किया गया है जो 2022-23 के बजट अनुमान यानी 54,256.07 करोड़ रुपये से 10.5 प्रतिशत अधिक है.' वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए राजस्व आय का बजट अनुमान 33290.03 करोड़ प्रस्तावित किया गया था, जिसे संशोधित कर 32897.68 करोड़ कर दिया गया है.



31.12.2023 तक प्राप्त वास्तविक आय 19231.55 करोड़ है. वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अनुमानित राजस्व आय 35749.03 करोड़ प्रस्तावित है जो 2023-24 के बजट अनुमान से 2459 करोड़ अधिक है.

वर्ष 2024-25 के लिए जिन प्रमुख स्रोतों से राजस्व का अनुमान लगाया गया है, उनमें चुंगी के बदले मुआवजे के रूप में अनुदान सहायता



इसके अलावा संपत्ति कर से आय, निवेश पर ब्याज से आय, जल और सीवरेज शुल्क से आय शामिल हैं. सबक मद अलग-अलग है. वित्तीय वर्ष 2022-23 में संपत्ति कर 2019-20 की तरह ही एकत्र किया गया है और संपत्ति कर से वास्तविक आय 4994.15 करोड़ रही.

# बर्थडे पार्टी में बुलाकर नाबालिग से किया गैंगरेप, दो दरिंदे गिरफ्तार

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे में दोस्ती को कलंकित करने वाली घटना घटी है। हडपसर पुलिस ने बताया कि सोमवार को कथित तौर पर मुला नदी के किनारे आरोपियों ने अपने नाबालिग महिला दोस्त से सामूहिक बलात्कार किया। पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। हडपसर पुलिस ने पीड़ित लड़की की शिकायत पर अगले दिन 30 जनवरी को केस दर्ज किया। यह घटना मांजरी में हुई। आरोपी 15 वर्षीय लड़की को बर्थडे केक काटने के बहाने नदी किनारे सुनसान जगह पर ले गए और कई बार बलात्कार किया। आरोपियों में से एक ऑनलाइन ग्रोसरी कंपनी में डिलीवरी बॉय के तौर पर काम करता है और दूसरा ससून जनरल अस्पताल का कर्मचारी है।



15 वर्षीय पीड़िता की शिकायत के अनुसार, 29 जनवरी को दोनों आरोपी और उसके एक दोस्त सहित कुल चार लोग मोटरसाइकिल पर घूमने गए थे। पीड़िता के मुताबिक, शाम करीब 6:30 बजे से 8:30 बजे के बीच दोनों आरोपियों ने एक-एक कर उसके साथ लगातार रेप किया। जब पीड़िता ने विरोध किया तो दोनों आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और जबरदस्ती की। हडपसर पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक रवींद्र शेल्के ने कहा, ह्लआरोपी दो लड़कियों के साथ घूमने निकले थे। बाद में आरोपियों ने नाबालिग लड़की को अपने साथ आने के लिए राजी किया और बाद में उसके साथ बलात्कार किया।

पुलिस ने कहा, 30 जनवरी को पीड़िता अपने माता-पिता के साथ हडपसर पुलिस स्टेशन पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने एक टीम गठित की और दोनों आरोपी दोस्तों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 376, 376-डी, 376-ए और धारा 4 के तहत मामला दर्ज किया गया है। साथ ही पॉस्को एक्ट की संबंधित धाराएं भी लगाई गयीं है।

# 19 फरवरी को महाराष्ट्र दौरा करेंगे PM मोदी !

## कोस्टल रोड के उद्घाटन के लिए आएंगे मुंबई

**मुंबई :** इन दिनों चर्चा हो रही है कि महाराष्ट्र में फिर एक बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दौरा होने वाला है। ऐसे में अब इसे लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है। दरअसल आज मुंबई नगर निगम का बजट प्रशासक इकबाल सिंह चहल ने पेश किया। जानकारी के लिए आपको बता दें कि 59954.75 करोड़ रुपये के इस बजट में कोस्टल रोड के लिए बड़ा प्रावधान किया गया है और कोस्टल रोड के पहले चरण का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। कमिश्नर ने बताया कि वरली से मरीन ड्राइव तक 10 किमी का उद्घाटन 19 फरवरी को किया जाएगा। ऐसे में अब इसे लेकर चर्चा है कि 19 फरवरी को कोस्टल रोड के उद्घाटन के लिए ढट नरेंद्र मोदीमुंबई में आएंगे।



बता दें किकोस्टल सड़क परियोजना के लिए बजट में 2900 करोड़ रुपये का भारी प्रावधान किया गया है। जबकि दहिसर-भायंदर लिंक रोड ( कोस्टल सड़क अंतिम चरण) 220 करोड़ रुपये, मुंबई कोस्टल रोड (उत्तर) वसोर्वा से दहिसर 6 पैकेज 1130 करोड़ रुपये, गोरेगांव-मुलुंड लिंक रोड (जीएमएलआर) 1870 करोड़ रुपये और सीवरेज ट्रीटमेंट प्रोजेक्ट ( एसटीपी) 4090 करोड़ रुपये का कार्य किया गया है। नरेंद्र मोदी वर्ली से मरीन ड्राइव तक पहले चरण के 10 किमी का उद्घाटन करेंगे। नगर आयुक्त ने बताया कि 15 मई तक दोनों चरण शुरू हो जायेंगे। गोरेगांव मुलुंड रोड टनल के काम का भी उद्घाटन मोदी करेंगे। ऐसे में अब यह संभावना बढ़ गई है कि मोदी फिर एक बार मुंबई आ सकते है।

मुंबई की कोस्टल सड़क परियोजना को दक्षिण और उत्तर दो भागों में बांटा गया है। हालांकि यह सड़क मुंबई और उसके उपनगरों में यातायात की भीड़ को कम करेगी, यह परियोजना मुंबई के दृष्टिकोण से महत्वाकांक्षी है लेकिन उतनी ही महंगी भी है। मिली जानकारी के मुताबिक, इसमें सबसे पहले दक्षिणी हिस्से का काम लिया गया है। यह कोस्टल सड़क परियोजना मुंबई और कांदिवली के बीच लगभग 29 किमी की है।

# महाराष्ट्र: ठाणे जिले में खुले में पड़े विस्फोटक उपकरण को कुत्ते ने चबाया, धमाके के बाद मौत

**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में खुले में फेंके गए विस्फोटक उपकरण को एक कुत्ते ने चबा लिया जिसके बाद उसमें विस्फोट हो गया और जानवर की मौत हो गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह घटना बुधवार की रात शाहपुर के एक फार्महाउस में हुई। फार्महाउस के चौकीदार बालू दामू महालुंगे (50) ने पुलिस को बताया कि परिसर में रहने वाला एक कुत्ता बाहर से मुंह में एक वस्तु लेकर लौटा था। अधिकारी ने बताया कि कुत्ते ने उस वस्तु को चबाया जिससे विस्फोट हो गया और जानवर की मौत हो गई। चौकीदार



ने पुलिस को यह भी बताया कि फार्महाउस में रहने वाला एक अन्य कुत्ता इसी तरह पहले बाहर से लाई गई किसी चीज को चबाने के बाद घायल हो गया था। संदेह है कि संभवतः जंगली जानवरों का शिकार करने के इरादे से विस्फोटक उपकरण खुले में छोड़े गए थे। अधिकारी ने बताया कि शाहपुर पुलिस ने बृहस्पतिवार को भारतीय दंड संहिता की धारा 429 (मवेशी या किसी जानवर को मारने या नुकसान पहुंचाने की कार्रवाई) और 435 (नुकसान पहुंचाने के इरादे से आग या विस्फोटक पदार्थ का उपयोग) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

